राजस्थान सरकार

# निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

"वित्त भवन" जनपथ, जयपुर–302015
(दूरभाष 0141–2740735, फैक्स 0141–2742309, ई–मेल jdp-ta-rj@nic.in)

क्रमांकः– एफ.3 (ख) (ए–82आर / 94)(लिंक नं. 8907) / अलेसे– ।। / 577 दिनांक :– 13/09/20

## कार्यालय आदेश

श्री अशोक कुमार गुप्ता, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II का आदेश संख्या 130 / 2018–19 दिनांक 03.03.2019 द्वारा कार्यालय अतिरिक्त जिला परियोजना, समन्वयक समग्र शिक्षा, भरतपुर में रिक्त पद पर स्थानान्तरण किया गया था जिसके क्रम में श्री गुप्ता द्वारा दिनांक 07.03.2019 को मध्यान्ह् पूर्व उक्त कार्यालय में कार्यग्रहण किया गया है। कार्यालय अतिरिक्त जिला परियोजना, समन्वयक समग्र शिक्षा, भरतपुर में कार्यरत श्री शिवचरण चौधरी, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II को आदेशों की प्रतीक्षा में लेते हुए कार्यमुक्त करने के आदेश जारी किये एवं आगामी पदस्थापन आदेश दिनांक 08.03.2019 से पुलिस अधीक्षक कार्यालय भरतपुर में पदस्थापन किया गया। परन्तु श्री चौधरी द्वारा माननीय उच्च न्यायालय जयपुर से अपील संख्या 703 / 2019 द्वारा स्थगन लिया जाने के कारण और अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा, भरतपुर द्वारा श्री चौधरी को कार्यग्रहण करा लिया गया जिससे उक्त कार्यालय में एक पद के विरूद्ध दो सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II पदस्थापित हो गये। उक्त अपील में सुनवाई उपरांत निर्णय आदेश दिनांक 05.08.2019 से स्थगन आदेश खारिज किये जाने के कारण कार्यालय आदेश दिनांक 16.08.2019 जारी कर श्री शिवचरण चौधरी को पुलिस अधीक्षक कार्यालय भरतपुर में कार्यग्रहण करने के आदेश जारी किये गये। इस प्रकार कार्यालय अतिरिक्त जिला परियोजना, समन्वयक समग्र शिक्षा, भरतपुर से श्री गुप्ता का दिनांक 07.03.2019 से 31.08. 2019 तक का वेतन आहरण उक्त कार्यालय से नहीं किया जा सका है।

अतः श्री गुप्ता का दिनांक 07.03.2019 से 31.08.2019 तक के वेतन आहरण अतिरिक्त निदेशक, स्थानीय निधि अंकेक्षण विभाग, भरतपुर में रिक्त सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I के पद के विरूद्ध आहरित करने की स्वीकृति एतद् द्वारा प्रदान की जाती है।

(मुकुन्द सोहोनी)
निदेशक

क्रमांकः– एफ.3 (ख) (ए–82आर / 94)(लिंक नं. 8907) / अलेसे– ।। / 577 दिनांक :– 13/09/2019

**प्रतिलिपि** :– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. अतिरिक्त जिला परियोजना, समन्वयक समग्र शिक्षा, भरतपुर।
2. अतिरिक्त निदेशक, स्थानीय निधि अंकेक्षण विभाग, भरतपुर।
3. श्री अशोक कुमार गुप्ता, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II, कार्यालय अतिरिक्त जिला परियोजना, समन्वयक समग्र शिक्षा, भरतपुर।
4. उपनिदेशक (एसीपी) को वेबसाईट पर अपलोड / पीआईएस में इन्द्राज करने हेतु।

(अरविन्द दीवान)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–II)